# सचिवालय, नगर निगम, आगरा।

## नगर निगम सदन के सत्ताइसवें अधिवेशन का कार्यवृत्त

(पृष्ठ 1 से 6 तक)

दिनांक 14.07.2016

इन्द्र विक्रम सिंह,
नगर आयुक्त
नगर निगम, आगरा।

इन्द्रजीत आर्य
महापौर
नगर निगम, आगरा।

# सचिवालय, नगर निगम, आगरा।

माननीय महापौर के आदेशानुसार नगर निगम सदन के सत्ताइसवें अधिवेशन की बैठक दिनांक .2016 को मध्यान्ह 12.00 बजे नगर निगम के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। जिसका कार्यवृत्त निम्न प्रकार –

उपस्थिति :–

| क्र. | नाम | पदनाम | क्र. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री इन्द्रजीत आर्य | महापौर | 02 | श्री नवाब सिंह मौर्य | पार्षद |
| 03 | श्री श्रीकृष्ण | पार्षद | 04 | श्री राजेन्द्र सिंह | पार्षद |
| 05 | श्रीमती मंजू दक्ष | पार्षद | 06 | श्रीमती रजनी माधव | पार्षद |
| 07 | श्री ज्ञान सिंह | पार्षद | 08 | श्री जलील गौरी | पार्षद |
| 09 | श्रीमती प्रिया देवी | पार्षद | 10 | श्री संदीप उपाध्याय | पार्षद |
| 11 | श्री जितेन्द्र पाराशर | पार्षद | 12 | श्री राजीव कुमार सिंह | पार्षद |
| 13 | श्री गजेन्द्र सिंह नरवार | पार्षद | 14 | श्री ईश्वर पाल सिंह | पार्षद |
| 15 | श्री शिरोमणि सिंह | पार्षद | 16 | श्रीमती कान्ता देवी | पार्षद |
| 17 | श्रीमती गीता देवी | पार्षद | 18 | श्रीमती रजनी देवी | पार्षद |
| 19 | श्री कर्मवीर सिंह भारती | पार्षद | 20 | श्रीमती मीनाक्षी साकेत | पार्षद |
| 21 | श्री मनोज कुमार सोनी | पार्षद | 22 | श्रीमती कान्ता श्री | पार्षद |
| 23 | श्री विजय सिंह | पार्षद | 24 | श्रीमती शान्ती माहौर | पार्षद |
| 25 | श्री मनोज राजौरा | पार्षद | 26 | श्री राजेश कठेरिया | पार्षद |
| 27 | श्रीमती गीता यादव | पार्षद | 28 | श्री हरी शंकर | पार्षद |
| 29 | श्रीमती शिल्पी | पार्षद | 30 | श्रीमती चित्रा देवी | पार्षद |
| 31 | श्री हाजी विलाल कुरैशी | पार्षद | 32 | श्रीमती संजू | पार्षद |
| 33 | श्री उमेश चन्द एडवोकेट | पार्षद | 34 | श्रीमती अर्चना गर्ग | पार्षद |
| 35 | श्री अनुज शर्मा | पार्षद | 36 | श्री गजराज सिंह | पार्षद |
| 37 | श्री मनोज कुमार | पार्षद | 38 | श्रीमती सरला गुप्ता | पार्षद |
| 39 | श्रीमती मधुबाला अग्रवाल | पार्षद | 40 | श्री संजय सिंह बघेल | पार्षद |
| 41 | श्रीमती सर्वेश चाहर | पार्षद | 42 | श्रीमती चन्द्रवती चाहर | पार्षद |
| 43 | मौ0 शहजाद | पार्षद | 44 | श्री सुनील कुमार जैन | पार्षद |
| 45 | श्रीमती सविता अग्रवाल | पार्षद | 46 | श्रीमती प्रेमा वर्मा | पार्षद |
| 47 | श्री अनवर खॉ | पार्षद | 48 | श्रीमती रजिया सुल्ताना | पार्षद |
| 49 | श्री जितेन्द्र / सोनू पंण्डित | पार्षद | 50 | श्री मुकेश यादव | पार्षद |
| 51 | श्रीमती गुलाब रानी राठौर | पार्षद | 52 | श्री मोहम्मद शरीफ | पार्षद |
| 53 | श्री जगवीरसिंह इन्दौलिया | पार्षद | 54 | श्री मोहन सिंह लोधी | पार्षद |
| 55 | श्रीमती नेमवती गोला | पार्षद | 56 | श्री शोभाराम राठौर | पार्षद |
| 57 | श्री हेमन्त कुमार प्रजापति | पार्षद | 58 | श्री अशोक बंसल | पार्षद |
| 59 | श्री रफअत उल्ला | पार्षद | 60 | श्रीमती राम ढकेली | पार्षद |
| 61 | श्री प्रतूल भार्गव | पार्षद | 62 | श्री अशोक कुमार कुशवाह | पार्षद |
| 63 | श्री संजय कुमार अग्रवाल | पार्षद | 64 | श्रीमती शालिनी शर्मा | पार्षद |
| 65 | श्रीमती कंचन देवी | पार्षद | 66 | श्री रवि बिहारी माथुर | पार्षद |
| 67 | श्री राकेश जैन | पार्षद | 68 | श्रीमती क्षमा सक्सैना | पार्षद |
| 69 | श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल | पार्षद | 70 | श्री भोलू कुरैशी | नामित पार्षद |
| 71 | श्री राम नरेश यादव | नामित पार्षद | 72 | श्री राजू / रवीन्द्रसिंह चाहर | नामित पार्षद |

73 श्रीमती मुन्नी वेगम नामित पार्षद 74 श्री ओमप्रकाश तोमर नामित पार्षद
75 श्री इकबाल अहमद खॉ नामित पार्षद 76 श्री राहुल चतुर्वेदी नामित पार्षद
77 श्री श्याम भोजवानी नामित पार्षद 78 श्री जितेन्द कुमार बाल्मीक नामित पार्षद

अधिकारीगण :–

| क्र. | नाम अधिकारी | पदनाम |
|---|---|---|
| 01. | श्री इन्द्र विक्रम सिंह | नगर आयुक्त |
| 02. | श्री राम सिंह गौतम | अपर नगर आयुक्त |
| 03. | श्री अनिल कुमार | उप नगर आयुक्त |
| 04. | श्री हरी राम गुप्ता | मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी |
| 05. | श्री संजय प्रताप सिंह | मुख्य नगर लेखा परीक्षक |
| 06. | श्री संजय कटियार | अधिशासी अभियन्ता/प्रभारी, मार्गप्रकाश/कर्मशाला |
| 07. | श्री मनोज प्रभात | अधिशासी अभियन्ता, मार्ग प्रकाश |
| 08. | श्री रामगोपाल पाण्डेय | लेखाकार |
| 09. | श्री चन्दन सिंह | सचिव, जलकल, मुख्यालय |

**मा0 महापौर** – द्वारा मा0 पार्षदगण, अधिकारीगण एवं पत्रकार बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि आज के सदन की बैठक में आप सभी का स्वागत है। नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि कार्यकारिणी समिति हेतु 6 सदस्यों के निर्वाचन की कार्यवाही प्रारम्भ की जाये। सदन में उपस्थित सभी मा0 पार्षद दल के नेताओं एवं मा0 पार्षदगण से अनुरोध किया गया कि आप लोग यदि चाहें तो आपसी सामन्जस्य एवं सहयोग से 6 सदस्यों को निर्विरोध चुनकर कार्यकारिणी समिति हेतु भेज सकते हैं।

**नगर आयुक्त** – द्वारा मा0 महापौर जी, सदन में बैठे मा0 पार्षदगण को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि आज कार्यकारिणी समिति के लिए 6 सदस्यों का निर्वाचन किया जाना है। आप लोगों की आपसी सहमति से 6 सदस्यों का निर्वाचन होना है। यदि 6 से अधिक नाम आते हैं तो निर्वाचन की प्रक्रिया अपनाई जायेगी जिसके लिए कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के निर्वाचन सम्बन्धी अनुदेश सदन के समक्ष पढ़ कर सुनाये गये :–

1. कार्यकारिणीं समिति के लिए 06 (छः) सदस्यों का निर्वाचन होना है।
2. मत पत्र में उम्मीदवार के नाम के सामने दिये गये अधिमान के स्थान में अंक "1" लिखकर जिस उम्मीदवार को अपना प्रथम अधिमान देना चाहें अभिलिखित किया जायेगा।
3. इसके अतिरिक्त अपने मत–पत्र में अन्य उम्मीदवारों के नामों के सामने दिये गये स्थान पर अधिमान के क्रमानुसार अंक 2,3,4,5 आदि उतने अधिमानों को लिख सकते हैं जितने वह देना चाहे।
4. वह मत–पत्र अमान्य होगा जिस पर –
   (अ) अधिमान के स्थान में "1" अंक अंकित नहीं होगा।
   (ब) अंक 1 से अधिक उम्मीदवार के सामने अंकित होगा।
   (स) ऐसा कोई चिन्ह या ऐसी लिखावट ही गई है जिससे निर्वाचक पहचाना जा सकता है।
   (द) किसी उम्मीदवार के नाम के सामने एक से अधिक अंक लिखने पर।
   (य) अधिमान शब्दों में नहीं लिखा जायेगा।
   (र) अंक "1" एक से अधिक अभ्यर्थियों के नाम के सामने लिखा हो या ऐसे स्थान पर है, जिससे यह शंकास्पद हो जाता है कि किस अभ्यर्थी को लागू होने के लिये आशयित है।

**श्री अशोक बन्सल, पार्षद** – द्वारा कहा गया कि जलकल विभाग से सम्बन्धित जन–समस्याओं के सम्बन्ध में विशेष सदन बुलाने हेतु मा0 पार्षदों द्वारा पत्र दिया गया था उस पर मा0 अध्यक्ष महोदय, क्या कार्यवाही हुई ? कृपया सदन को अवगत कराया जाये।

– द्वारा कहा गया कि आज का यह कार्यकारिणी समिति के लिए 06 सदस्यों के चुनाव का विशेष ...तः इस समय चुनाव के सम्बन्ध में कार्यवाही की जायेगी। जब भी चुनाव का सदन होता है तो उसमें ...सम्बन्ध में ही कार्यवाही एवं चर्चा कराई जाती है। इसके अतिरिक्त अन्य बिन्दुओं पर चर्चा नहीं करायी ...ती है।

**...शोक बन्सल, पार्षद** – द्वारा कहा गया कि इस समय पूरे शहर में सीवर एवं पेय जल की विकराल ...यायें हैं जिनके निराकरण हेतु जलकल के सम्बन्ध में विशेष सदन बुलाया जाना अति आवश्यक था न कि ...र्यकारिणी के 6 सदस्यों के चुनाव हेतु।

**...ो हेमन्त प्रजापति, पार्षद** – द्वारा कहा गया कि दिनांक 9.6.2016 को जो सदन लगा था उसमें भाई मुकेश यादव ने कहा था कि जल्दी ही जलकल विभाग से सम्बन्धित जन–समस्याओं पर चर्चा करने हेतु विशेष सदन बुला लिया जायेगा। लेकिन अभी तक जलकल विभाग से सम्बन्धित जन–समस्याओं के निदान के सम्बन्ध में विशेष सदन नहीं बुलाया गया है।

**मा0 महापौर** – द्वारा कहा गया कि यह मेयर के अधिकार क्षेत्र में है कि कब, किस सम्बन्ध में सदन की बैठक बुलानी है। आज चुनाव के बाद यदि समय मिला तो जलकल विभाग से सम्बन्धित जन–समस्याओं के निदान के सम्बन्ध में भी चर्चा करा ली जायेगी। नगर आयुक्त को आज की निर्वाचन की कार्यवाही प्रारम्भ कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**नगर आयुक्त** – द्वारा सदन के समक्ष घोषणा की गयी कि मा0 महापौर के निर्देशानुसार आज सदन में कार्य कारिणी के 6 सदस्यों के निर्वाचन की कार्यवाही प्रारम्भ की जाती है। यदि किसी मा0 पार्षद सदस्य को नाम निर्देशन–पत्र प्राप्त करना हो तो अपना नाम उप नगर आयुक्त को अंकित कराकर नाम निर्देशन–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। नाम निर्देशन–पत्र जिस किसी भी पार्षद को प्राप्त करना हो तो उप नगर आयुक्त (श्री अनिल कुमार) से प्राप्त कर सकते हैं। कार्यकारिणी समिति के 06 सदस्यों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यकम सदन के समक्ष पढ़कर सुनाया गया :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मध्यान्ह 1:15 बजे से मध्यान्ह 1:30 बजे तक | सदस्यों की बैठक |
| 2. | मध्यान्ह 1:30 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक | कार्यकारिणी समिति के लिये सदस्यों के नाम प्रस्तावित किया जाना। |
| 3. | अपरान्ह 2:00 बजे से अपरान्ह 2:30 बजे तक | नाम वापसी |
| 4. | अपरान्ह 2:30 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक | शलाका पत्र तैयार करना। |
| 5. | अपरान्ह 3:00 बजे से सायंकाल 5:00 बजे तक | मतदान (यदि आवश्यक हुआ तो) |
| 6. | सायंकाल 5:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक | मतगणना तथा निर्वाचन फल की घोषणा |

इसके अतिरिक्त मा0 महापौर जी एवं सदन जैसा चाहेगा वैसा इसमें संशोधन हो जायेगा। हो सकता है कि आप लोगों के आपसी सहयोग एवं सर्वसम्मति से कार्यकारिणी समिति हेतु 6 सदस्यों की घोषणा हो जाये और चुनाव न कराना पड़े। अपरान्ह 2:00 बजे तक जो मा0 पार्षद/सदस्य अपना नाम निर्देशन–पत्र जमा करना चाहें तो जमा कर सकते हैं।

(1) **श्री मनोज कुमार, पार्षद**, कक्ष–26 द्वारा – श्री हरीमोहन, पार्षद, कक्ष–17 का नाम नगर निगम, आगरा की कार्यकारिणी समिति वर्ष 2016 के सदस्य पद के निर्वाचन हेतु नाम प्रस्तावित किया गया तथा श्री हरीमोहन, पार्षद द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गयी।

(2) **श्री ईश्वर पाल सिंह, पार्षद**, कक्ष–19 द्वारा – श्रीमती नेमवती गोला, पार्षद, कक्ष–75 का नाम नगर निगम, आगरा की कार्यकारिणी समिति वर्ष 2016 के सदस्य पद के निर्वाचन हेतु नाम प्रस्तावित किया गया तथा श्रीमती नेमवती गोला, पार्षद द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गयी।

(3) **श्री संदीप उपाध्याय, पार्षद**, कक्ष–13 द्वारा – श्री राजीव कुमार सिंह, पार्षद, कक्ष–15 का नाम नगर निगम, आगरा की कार्यकारिणी समिति वर्ष 2016 के सदस्य पद के निर्वाचन हेतु नाम प्रस्तावित किया गया तथा श्री राजीव कुमार सिंह, पार्षद द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गयी।

(4) **श्री मोहन सिंह लोधी, पार्षद**, कक्ष–72 द्वारा – श्री प्रतूल भार्गव, पार्षद, कक्ष–81 का
आगरा की कार्यकारिणी समिति वर्ष 2016 के सदस्य पद के निर्वाचन हेतु नाम प्रस्तावित किया
प्रतुल भार्गव, पार्षद द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गयी।

(5) **श्री अशोक बंसल, पार्षद**, कक्ष–76 द्वारा – श्रीमती मधुवाला अग्रवाल, पार्षद, कक्ष–54 का नाम
आगरा की कार्यकारिणी समिति वर्ष 2016 के सदस्य पद के निर्वाचन हेतु नाम प्रस्तावित किया
श्रीमती मधुवाला अग्रवाल, पार्षद द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गयी।

(6) **श्रीमती रजनी माधव, पार्षद**, कक्ष–09 द्वारा – श्री नवाव सिंह मौर्य, पार्षद, कक्ष–02 का नाम नगर
आगरा की कार्यकारिणी समिति वर्ष 2016 के सदस्य पद के निर्वाचन हेतु नाम प्रस्तावित किया गया त
नवाव सिंह मौर्य, पार्षद द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गयी।

(7) **श्री राकेश जैन, पार्षद**, कक्ष–85 द्वारा – श्री राजपाल यादव, पार्षद, कक्ष–49 का नाम नगर निगम, आ
की कार्यकारिणी समिति वर्ष 2016 के सदस्य पद के निर्वाचन हेतु नाम प्रस्तावित किया गया तथा श्री राजपा
यादव, पार्षद द्वारा अपनी लिखित सहमति प्रदान की गयी।

(8) **मौ0 शरीफ, पार्षद**, कक्ष–69 द्वारा – श्रीमती सर्वेश चाहर, पार्षद, कक्ष–53 का नाम नगर निगम, आगरा की
कार्यकारिणी समिति वर्ष 2016 के सदस्य पद के निर्वाचन हेतु नाम प्रस्तावित किया गया तथा श्रीमती सर्वेश
चाहर, पार्षद द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गयी।

(9) **हाजी बिलाल, पार्षद**, कक्ष–44 द्वारा – श्रीमती क्षमा जैन सक्सैना, पार्षद, कक्ष–88 का नाम नगर निगम,
आगरा की कार्यकारिणी समिति वर्ष 2016 के सदस्य पद के निर्वाचन हेतु नाम प्रस्तावित किया गया तथा
श्रीमती क्षमा जैन सक्सैना, पार्षद द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गयी।

(10) **श्री शिरोमणी सिंह, पार्षद**, कक्ष–18 द्वारा – श्री रफअत उल्ला, पार्षद, कक्ष–79 का नाम नगर निगम,
आगरा की कार्यकारिणी समिति वर्ष 2016 के सदस्य पद के निर्वाचन हेतु नाम प्रस्तावित किया गया तथा
श्री रफअत उल्ला, पार्षद द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गयी।

**नगर आयुक्त** – द्वारा कार्यकारिणी समिति के लिए निम्नानुसार सभी 10 उम्मीदवारों के नामों को पढ़कर सुनाया गया और अवगत कराया गया कि अपरान्ह 2:00 बजे से 2:30 बजे तक नाम वापस लेने हेतु समय निर्धारित है जो भी मा0 पार्षद चाहे तो अपना नाम वापिस ले सकता है :–

| कम संख्या | उम्मीदवार का नाम | कक्ष संख्या | प्रस्तावक का नाम | कक्ष संख्या (प्रस्तावक) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री हरीमोहन | 17 | श्री मनोज कुमार | 26 |
| 2. | श्रीमती नेमवती गोला | 75 | श्री ईश्वर पाल सिंह | 19 |
| 3. | श्री राजीव कुमार सिंह | 15 | श्री संदीप उपाध्याय | 13 |
| 4. | श्री प्रतूल भार्गव | 81 | श्री मोहन सिंह लोधी | 72 |
| 5. | श्रीमती मधुवाला अग्रवाल | 54 | श्री अशोक बंसल | 76 |
| 6. | श्री नवाव सिंह मौर्य | 02 | श्रीमती रजनी माधव | 09 |
| 7. | श्री राजपाल यादव | 49 | श्री राकेश जैन | 85 |
| 8. | श्रीमती सर्वेश चाहर | 53 | मौ0 शरीफ | 69 |
| 9. | श्रीमती क्षमा जैन सक्सैना | 88 | हाजी बिलाल कुरैशी | 44 |
| 10. | श्री रफअत उल्ला | 79 | श्री शिरोमणी सिंह | 18 |

**मा0 महापौर** – द्वारा मा0 पार्षद दल के नेताओं द्वारा अनुरोध करने पर 10 मिनट का समय नाम वापिसी हेतु बढ़ाने की घोषणा की गयी।

**नगर आयुक्त** – द्वारा कहा गया कि मा0 महापौर महोदय के निर्देशानुसार नाम वापिसी हेतु 10 मिनट का समय और बढ़ा देने पर अब अपराहन 2:40 बजे तक नाम वापिस लिये जा सकते हैं। कृपया 10 मिनट के अन्दर जो भी मा0 पार्षद/उम्मीदवार अपना नाम वापिस लेना चाहें वे अपना नाम वापिस ले सकते हैं।

पौर – द्वारा मा0 पार्षद दल के नेताओं के अनुरोध पर 10 मिनट का समय नाम वापिसी हेतु और जाने की घोषणा की गयी। तदुपरान्त अपरान्ह 3:15 बजे तक नाम वापिसी का समय बढ़ाये जाने की की गयी।

आयुक्त – द्वारा कहा गया कि मा0 महापौर महोदय के निर्देशानुसार नाम वापिसी हेतु अपरान्ह 3:15 बजे का समय निर्धारित किया गया है जो भी मा0 पार्षद/उम्मीदवार अपना नाम वापिस लेना चाहें, वे अपना ाम वापिस ले सकते हैं।

**मा0 महापौर** – द्वारा निम्नांकित चार उम्मीदवारों द्वारा नाम वापिस लिये जाने की घोषणा की गयी :–

1. श्री नवाव सिंह मौर्य,
2. श्री राजीव कुमार सिंह,
3. श्रीमती सर्वेश चाहर,
4. श्रीमती क्षमा जैन सक्सैना

**नगर आयुक्त** – द्वारा कहा गया कि 10 उम्मीदवारों के नाम निर्देशन–पत्र प्राप्त हुऐ थे जो वैध पाये गये, 04 उम्मीदवारों द्वारा अब अपना नाम वापिस ले लेने पर केवल 6 उम्मीदवारों के नाम शेष रह गये हैं। मैं मा0 महापौर/अध्यक्ष जी से अनुरोध करूँगा कि कार्यकारिणी समिति वर्ष 2016 के लिये विधिवत निर्वाचित 6 सदस्यों के नामों की घोषणा कर दी जाये।

**मा0 महापौर** – द्वारा कहा गया कि मा0 सभासदगण और हम सदन में शहर के विकास कार्यों के लिये आते हैं। हम हर बार यही प्रयास करते हैं कि हम दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकता का परिचय देते हुए आपसी सामन्जस्य एवं सहयोग से मिल–जुलकर आपसी सहमति से सदन एवं कार्यकारिणी में कार्य करते हैं। मैं सभी पार्षद दल के नेताओं का आभार व्यक्त करता हूँ कि आपसी सहमति से 4 उम्मीदवारों द्वारा नाम वापिस ले लेने के उपरान्त 6 सदस्य कार्यकारिणी समिति के लिए भेजे जाने का सामन्जस्य पूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। कार्यकारिणी समिति वर्ष 2016 की सदस्यता हेतु सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित 6 सदस्यों के नाम निम्न प्रकार हैं :–

| क0 सं0 | निर्वाचित सदस्य का नाम | कक्ष सं0 | निर्वाचित सदस्य का पता |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नेमवती गोला | 75 | 4/65, नगला पृथ्वीनाथ, आगरा। |
| 2 | श्री प्रतूल भार्गव | 81 | 3/141, हलवाई गली, सुभाष बाजार, आगरा। |
| 3 | श्री रफअत उल्ला | 79 | 24/384 नई बस्ती, आगरा। |
| 4 | श्रीमती मधुबाला अग्रवाल | 54 | 5, इन्दर एन्क्लेव, बल्केश्वर, आगरा। |
| 5 | श्री राजपाल यादव | 49 | 5/128, सौंठ की मण्डी, आगरा। |
| 6 | श्री हरी मोहन | 17 | 14/110ए/6, मोती महल, कछपुरा, आगरा। |

**श्री उमेश चन्द एडवोकेट, पार्षद** – द्वारा निम्न निन्दा प्रस्ताव सदन के समक्ष पढ़कर प्रस्तुत किया गया –

मा0 महापौर जी,

पतित पावनी यमुना नदी में बॉध बनाने वाले व ईंट, पत्थर, कंकरीट आदि डालकर रास्ते बनाने वालों के विरुद्ध निन्दा प्रस्ताव व दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही किय जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

दैनिक समाचार–पत्र दैनिक जागरण में पिछले कई दिनों से प्रकाशित खबर जो पवित्र पावनी यमुना नदी में बालू माफियों द्वारा बड़ी–बड़ी मशीनें चला कर अवैध वालू खनन कर रहे हैं तथा वरसात में पानी खनन के लिए रोकने हेतु बॉध बनाया है तथा वाहन जाने का रास्ता बनाया है। बहुत निन्दनीय है। ये ही नहीं बड़ी मशीनों से खनन करने के कारण गहरे–गहरे गड्ढे हो गये हैं। अब तक करीब एक दर्जन बच्चे व बूढ़े–बड़े डूब चुके हैं। परन्तु आगरा प्रशासन व पुलिस की मिली भगत के चलते बालू माफियाओं पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। बालू माफियाओं की क्षेत्र में गुण्डाई है तथा तमाम गरीबों व जमुना कोरीडोर पर बालू के बड़े–बड़े

ढेर लगा लिये हैं। जब जमुना नदी में बाढ़ आती है तो गरीबों के घर व किसानों के खेत व फसल डूबती है। पर बालू माफियाओं द्वारा बालू निकाली जाती है। अतः सदन मॉग करता है कि जिन बालू माफियाओं ने यमुना नदी में बॉध बनाया व रास्ता बनाया है तथा बालू अवैध रूप से एकत्रित की है, उनके व दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। सदन निन्दा करने की मॉग करता है।

**सर्वश्री कर्मवीर सिंह भारती, मुकेश यादव, प्रदीप कुमार अग्रवाल, राकेश जैन, शिरोमणि सिंह, रवि विहारी माथुर, राजीव कुमार सिंह, हेमन्त प्रजापति, रफअत उल्ला, अशोक बंसल, हाजी बिलाल कुरैशी, प्रेमा वर्मा, प्रतूल भार्गव, जगवीर सिंह इन्दौलिया, सुनील कुमार जैन, संजय कुमार अग्रवाल, मंजू दक्ष, संदीप अग्रवाल, संजय सिंह बघेल, शान्ती माहौर, संजू, जितेन्द्र पाराशर, कान्ता श्री, चन्द्रवती चाहर, प्रिया देवी, गुलाब रानी, गजेन्द्र सिंह नरवार, नेमवती गोला, रजनी माधव, रजनी देवी, अनवर खॉ, जलील गौरी, संजय सिह, हरी शंकर, चित्रा देवी, राजेन्द्र सिंह, सर्वेश चाहर, सरला गुप्ता, भोलू कुरैशी, मौ0 शहजाद आदि अन्य समस्त पार्षदगण** – द्वारा उपरोक्त निन्दा प्रस्ताव का समर्थन किया गया।

**निर्णय :–** **नगर निगम सदन द्वारा उपरोक्त निन्दा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।**

**श्री मुकेश यादव, पार्षद** – द्वारा निम्न शोक सन्देश नगर निगम सदन में पढ़कर प्रस्तुत किया गया –

श्रीमती सावित्री देवी (पार्षद) के पति श्री संग्राम सिंह जी का निधन दिनांक 6.7.2016 को हो गया है। यह सदन के सम्मानित पार्षद के पति के निधन पर शोक व्यक्त कर दुःखद परिवार को इस घड़ी में दुःख को सहन करने की ईश्वर से कामना करता है।

नगर निगम सदन द्वारा दो मिनट का मौन रखते हुए दिवंगत आत्मा को श्रृद्धान्जली दी गयी। तदुपरान्त,

**मा0 महापौर** – द्वारा अधिवेशन समाप्ति की घोषणा की गयी।

(इन्द्रजीत आर्य)
महापौर,
नगर निगम, आगरा।